दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 306 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

शुक्रवार 24 जुलाई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


**आज का मौसम**

अधिकतम 32° C
न्यूनतम 28° C
सूर्य अस्त (आज) 7:17
सूर्य उदय (कल) 5:38

**अनमोल वचन**

"अगर वास्तविकता को देखना है तो इच्छाओं को त्याग दो , अगर मिथ्या देखना है तो इच्छाओं को रहने दो।"

# पेपर लीक पर सरकार सख्त, फास्ट ट्रैक अदालतें होंगी स्थापित- प्रधानमंत्री मोदी

**संवाद न्यूज एजेंसी**



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामलों में त्वरित और कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि छात्रों का भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

प्रधानमंत्री का यह बयान नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर जारी छात्र प्रदर्शन के बीच आया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## असम में बाढ़ का कहर जारी, 10 और मौतें, मृतकों की संख्या 41 पहुंची

**संवाद न्यूज एजेंसी**



असम/गुवाहाटी। असम में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बाढ़ संबंधी घटनाओं में 10 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 41 हो गई है। राज्य के 40 राजस्व सर्किलों में 64 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, जबकि राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है।

मौसम विभाग ने अगले 3 से 4 दिनों तक मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से सतर्क रहने और प्रशासन की सलाह का पालन करने की अपील की है। मुख्य सचिव डॉ. रवि कोटा ने सबसे अधिक प्रभावित जिलों में स्थिति की समीक्षा कर राहत कार्यों में तेजी लाने और आवश्यक सेवाओं की शीघ्र बहाली के निर्देश दिए।

## छात्रों को आगे कर राजनीति कर रहा विपक्ष : सीएम पुष्कर धामी

**संवाद न्यूज एजेंसी**



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आरोप लगाया कि विपक्ष छात्रों के हितों की बजाय उन्हें आगे कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित करने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे छात्रों के भविष्य की सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम बताया।

सीएम धामी ने कहा कि पेपर लीक जैसे मामलों में दोषियों को जल्द सजा मिलने से परीक्षाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार युवाओं के हितों के लिए लगातार काम कर रही है, जबकि विपक्ष केवल राजनीतिक माहौल बनाने में लगा है। उन्होंने दोहराया कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# रेलवे की बड़ी सौगात, 440 करोड़ की तीसरी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी

**संवाद न्यूज एजेंसी**



नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने दक्षिण पूर्वी रेलवे के निमपुरा पश्चिम आउटर केबिन और मिदनापुर के बीच 440 करोड़ रुपये की लागत वाली तीसरी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के तहत 14 किलोमीटर से अधिक लंबी तीसरी लाइन का निर्माण किया जाएगा।

रेल मंत्रालय के अनुसार, इस परियोजना से यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों का संचालन अधिक सुगम होगा तथा हर वर्ष करीब 35 लाख टन अतिरिक्त माल ढुलाई की क्षमता विकसित होगी। नई लाइन से आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही तेज होगी, परिचालन संबंधी बाधाएं कम होंगी और क्षेत्र में उद्योगों व व्यापार को बेहतर रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा।

# संक्षिप्त न्यूज

## डीआरडीओ की बड़ी कामयाबी, 'कुशा' मिसाइल का पहला सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली 'कुशा' मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और सभी वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक मिसाइल प्रणाली के विकसित होने से देश की वायु रक्षा क्षमता और अधिक मजबूत होगी तथा रक्षा उपकरणों के आयात पर निर्भरता कम होगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रोमानिया पहुंचीं, कई अहम समझौतों पर होगी चर्चा



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में आज रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट पहुंचीं। कोटरोसेनी पैलेस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति मुर्मु रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। शाम को रोमानिया के राष्ट्रपति राष्ट्रपति मुर्मु के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन करेंगे।

## पंचदरला पहाड़ी खनन मामले की होगी जांच, पवन कल्याण ने दिए सख्त निर्देश



आंध्र प्रदेश/अमरावती। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं वन-पर्यावरण मंत्री पवन कल्याण ने अनाकापल्ली जिले की पंचदरला पहाड़ी पर बजरी खनन में कथित पर्यावरण उल्लंघनों की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच में नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित खनन कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पवन कल्याण ने प्राकृतिक जल स्रोतों का वैज्ञानिक अध्ययन कराने, मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पंचदरला पहाड़ी को खनन निषेध क्षेत्र घोषित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही खनन कंपनी की पर्यावरण एवं संचालन संबंधी सभी स्वीकृतियों को तत्काल रद्द करने का आदेश दिया।


दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की



अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें newseditor.jeetsamachar@gmail.com पर ई-मेल करें। खबर और विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें 9803025111, 8878400009,9803589008.

दैनिक समाचार पत्र
शुक्रवार, 24 जुलाई 2026



जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

## ग्लासगो में खेल मंत्री मांडविया की अहम बैठक, 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स पर चर्चा




ग्लासगो(एजेंसी)। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने ग्लासगो में कॉमनवेल्थ की चुनी हुई सेक्रेटरी-जनरल शर्ली अयोरकोर बोचवे से मुलाकात की। बैठक में खेल सहयोग, लैंगिक समानता और भारत की 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स मेजबानी की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मांडविया ने भारत की 'खेलो भारत नीति' और 'अस्मिता लीग' जैसी पहलों की जानकारी देते हुए जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के प्रयास साझा किए। उन्होंने कहा कि भारत 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए अपनी तैयारियों को तेजी से आगे बढ़ा रहा है तथा अहमदाबाद में विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना विकसित की जा रही है।

## मनीला में जयशंकर की कूटनीतिक बैठकें, ओमान समेत कई देशों से बढ़ाया सहयोग

**संवाद न्यूज एजेंसी**

मनीला। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फिलीपींस की राजधानी मनीला में आसियान से जुड़े कार्यक्रमों के दौरान ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल बुसैदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने खाड़ी क्षेत्र के हालिया हालात पर चर्चा की और भविष्य में लगातार संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई।

इस दौरान जयशंकर ने नीदरलैंड के विदेश मंत्री टॉम बेरेंडसन से भी मुलाकात कर सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, जल संसाधन, स्वास्थ्य और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने यूएनआरडब्ल्यूए के कार्यवाहक आयुक्त-जनरल क्रिश्चियन सॉन्डर्स से भी मुलाकात की। साथ ही फिलीपींस के



राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर से मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं दीं और भारत-फिलीपींस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर जोर दिया।

# अमेरिका-सऊदी परमाणु समझौते पर बढ़ा विवाद, कांग्रेस और विशेषज्ञों ने जताई चिंता

**संवाद न्यूज एजेंसी**

वॉशिंगटन। अमेरिका और सऊदी अरब के बीच हुए नए परमाणु सहयोग समझौते को लेकर अमेरिका में राजनीतिक और सुरक्षा बहस तेज हो गई है। समझौते के तहत सऊदी अरब को भविष्य में यूरेनियम संवर्धन की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, जबकि परमाणु रिएक्टरों के निर्माण में अमेरिकी कंपनियां प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

हालांकि ट्रंप प्रशासन का कहना है कि समझौते में कड़े सुरक्षा प्रावधान शामिल हैं, लेकिन कांग्रेस के कई सांसदों और परमाणु अप्रसार विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि इससे भविष्य में परमाणु हथियारों के प्रसार का खतरा बढ़ सकता है। आलोचकों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण के बजाय अमेरिकी निगरानी की व्यवस्था वैश्विक भरोसे को कमजोर कर सकती है।

समझौते को अब अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी मिलनी बाकी है। वहीं इजरायल ने भी इस पर चिंता जताई है और इसे पश्चिम एशिया की सुरक्षा के लिए चुनौती बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता क्षेत्र में परमाणु हथियारों की नई होड़ को बढ़ावा दे सकता है।?

## जंतर-मंतर के आसपास मोबाइल इंटरनेट बंद, गृह मंत्रलय का बड़ा फैसला

**संवाद न्यूज एजेंसी**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर क्षेत्र में चल रहे छात्र आंदोलन के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने जंतर-मंतर के आसपास 1.5 किलोमीटर के दायरे में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश जारी किया है।

आदेश के अनुसार, 23 जुलाई को शाम 4:00 बजे से रात 12:00 बजे तक संबंधित क्षेत्र में मोबाइल डेटा आधारित इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। यह प्रतिबंध केवल निर्धारित क्षेत्र और तय समय के लिए लागू किया गया है।

दरअसल, कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में छात्र केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रश्नपत्र लीक मामले में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद ही सरकार से बातचीत की जाएगी।

गृह मंत्रालय ने कहा कि यह फैसला जनहित और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। हालांकि, आदेश में इंटरनेट सेवाएं बंद करने के पीछे किसी विशेष घटना का उल्लेख नहीं किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें, शांति बनाए रखें और प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक निर्देशों का पालन करें




## सुप्रीम कोर्ट के वकीलों ने छात्रों का किया समर्थन, पुलिस कार्रवाई का जताया विरोध




**संवाद न्यूज एजेंसी**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के कई वरिष्ठ वकीलों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में आवाज उठाई और प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। गुरुवार को ष्लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओष अभियान के तहत वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया।

इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह, एस. मुरलीधर और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह भी मौजूद रहे।

इंदिरा जयसिंह ने कहा कि वकील छात्रों के अधिकारों और उन्हें न्याय दिलाने के लिए खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का दायित्व सभी को न्याय देना है और छात्रों की आवाज भी सुनी जानी चाहिए।

गौरतलब है कि जंतर-मंतर पर छात्र और अन्य प्रदर्शनकारी परीक्षा प्रणाली में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के खिलाफ लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में पुलिस कार्रवाई के बाद यह मामला और चर्चा में आ गया है।

वकीलों के इस समर्थन को छात्रों के आंदोलन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# चुनावी घोषणापत्र: वादे बनाम हकीकत




'लोकतंत्र में चुनाव केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि देश की दिशा तय करने का अवसर भी है।' चुनाव के समय हर राजनीतिक दल जनता के सामने अपना घोषणापत्र प्रस्तुत करता है। इसमें वे बताते हैं कि यदि उनकी सरकार बनी, तो वे देश और समाज के विकास के लिए कौन-कौन से कार्य करेंगे। लेकिन समय के साथ एक बड़ा प्रश्न बार-बार उठता है-क्या चुनावी घोषणापत्र केवल वादों का दस्तावेज बनकर रह गया है, या वास्तव में विकास का रोडमैप है?

चुनावी घोषणापत्र किसी भी राजनीतिक दल की विचारधारा, नीतियों और प्राथमिकताओं का प्रतिबिंब होता है। इसमें रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसर, बुनियादी ढाँचा और आर्थिक विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर योजनाएँ प्रस्तुत की जाती हैं। यदि इन वादों को ईमानदारी से लागू किया जाए, तो वे देश के विकास की मजबूत नींव बन सकते हैं।

लेकिन वास्तविकता यह है कि चुनाव जीतने के बाद अनेक वादे अधूरे रह जाते हैं। कई घोषणाएँ वित्तीय संसाधनों की कमी, प्रशासनिक चुनौतियों या बदलती परिस्थितियों के कारण पूरी नहीं हो पातीं, जबकि कुछ वादे केवल मतदाताओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से किए गए प्रतीत होते हैं। परिणामस्वरूप जनता के मन में यह धारणा बनने लगती है कि चुनावी घोषणापत्र केवल वोट प्राप्त करने का साधन है, न कि जवाबदेही का दस्तावेज।

आज का मतदाता पहले की तुलना में अधिक जागरूक है। वह केवल बड़े-बड़े वादों से प्रभावित नहीं होता, बल्कि यह भी देखता है कि किसी दल या सरकार का पिछला प्रदर्शन कैसा रहा है। जनता अब यह जानना चाहती है कि घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करने की स्पष्ट योजना, समय-सीमा और वित्तीय व्यवस्था क्या है। यही लोकतंत्र की परिपक्वता का संकेत है।

सोशल मीडिया और डिजिटल युग ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब नागरिक सरकारों के कार्यों की तुलना उनके चुनावी वादों से आसानी से कर सकते हैं। मीडिया, नागरिक संगठन और आम लोग घोषणापत्र के प्रत्येक वादे पर चर्चा करते हैं और समय-समय पर उसकी समीक्षा भी करते हैं। इससे राजनीतिक दलों पर जवाबदेही का दबाव बढ़ा है।

हालाँकि, केवल राजनीतिक दलों को दोष देना भी उचित नहीं होगा। मतदाताओं की भी जिम्मेदारी है कि वे जाति, धर्म, क्षेत्र या भावनात्मक नारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुशासन जैसे वास्तविक मुद्दों के आधार पर मतदान करें। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब जनता प्रश्न पूछेगी, तथ्यों को परखेगी और अपने मताधिकार का विवेकपूर्ण उपयोग करेगी।

अंततः, चुनावी घोषणापत्र लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, लेकिन उसकी वास्तविक सफलता कागज पर लिखे वादों से नहीं, बल्कि उनके ईमानदार क्रियान्वयन से तय होती है। वादे तभी सार्थक हैं, जब वे जनता के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाएँ। इसलिए आवश्यक है कि राजनीतिक दल घोषणापत्र को केवल चुनावी रणनीति न मानें, बल्कि जनता के प्रति अपनी नैतिक और लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता समझें। वहीं, नागरिक भी जागरूक और उत्तरदायी मतदाता बनकर ऐसे प्रतिनिधियों का चयन करें जो अपने वचनों को कार्यों में बदलने की क्षमता और इच्छाशक्ति रखते हों।

'लोकतंत्र की असली जीत तब होती है, जब चुनावी वादे भाषणों तक सीमित न रहें, बल्कि जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव बनकर दिखाई दें।'

**कमल पवार**

# आज की प्रमुख हस्ती

## भारतीय युवा मतदाता और भारतीय राजनीति में उनकी बदलती भूमिका




अजय कुमार
जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश

'आज का युवा केवल भविष्य का नागरिक नहीं, बल्कि वर्तमान का सबसे प्रभावशाली मतदाता है।' भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनता है, और इस जनता का सबसे ऊर्जावान वर्ग युवा है। भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है, जहाँ करोड़ों मतदाता 18 से 35 वर्ष की आयु के हैं। ऐसे में युवाओं की सोच, उनके निर्णय और उनकी राजनीतिक भागीदारी न केवल चुनावी परिणामों को प्रभावित करती है, बल्कि देश की नीतियों और लोकतंत्र की दिशा भी तय करती है।

पहले के समय में युवाओं को राजनीति से दूर या उदासीन माना जाता था। उनका ध्यान मुख्यतः शिक्षा, रोजगार और निजी जीवन पर केंद्रित रहता था। लेकिन बदलते समय के साथ यह धारणा तेजी से बदली है। आज का युवा राजनीति को केवल नेताओं का विषय नहीं मानता, बल्कि अपने अधिकारों, अवसरों और भविष्य से जुड़ा प्रश्न समझता है। वह शिक्षा, रोजगार, महंगाई, डिजिटल अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, महिला सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर अपनी स्पष्ट राय रखता है और चाहता है कि सरकारें इन पर जवाबदेह हों।

डिजिटल क्रांति ने युवाओं की राजनीतिक भूमिका को नई गति दी है। सोशल मीडिया और इंटरनेट के माध्यम से उन्हें जानकारी प्राप्त करने, विभिन्न विचारों को समझने और अपनी बात लाखों लोगों तक पहुँचाने का अवसर मिला है। चुनावी अभियान भी अब बड़े पैमाने पर डिजिटल मंचों पर केंद्रित हो गए हैं, जहाँ युवा सबसे सक्रिय भागीदार हैं। हालांकि, इसके साथ फेक न्यूज, भ्रामक सूचनाओं और ऑनलाइन ध्रुवीकरण जैसी चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इसलिए युवा मतदाताओं के लिए यह आवश्यक है कि वे किसी भी जानकारी पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता की जाँच करें।




आज का युवा मतदाता जाति, धर्म और क्षेत्रीय पहचान से आगे बढ़कर विकास, पारदर्शिता, सुशासन और अवसरों की राजनीति को महत्व देने लगा है। वह नेताओं से केवल वादे नहीं, बल्कि परिणाम चाहता है। यही कारण है कि राजनीतिक दल अब युवाओं के लिए रोजगार, स्टार्टअप, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा और नवाचार जैसे विषयों को अपने घोषणापत्र में प्रमुखता देने लगे हैं।

फिर भी कई चुनौतियाँ बनी हुई हैं। अनेक युवा मतदान के महत्व को समझने के बावजूद मतदान केंद्र तक नहीं पहुँचते। कुछ लोग राजनीति को निराशा की दृष्टि से देखते हैं, जबकि कुछ बिना पर्याप्त जानकारी के भावनात्मक या भ्रामक प्रचार से प्रभावित हो जाते हैं। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि युवा जागरूक, विवेकशील और तथ्य-आधारित निर्णय लेने वाले मतदाता बनें।

भारतीय राजनीति में युवाओं की भूमिका केवल वोट देने तक सीमित नहीं है। वे सामाजिक आंदोलनों, जन-जागरूकता अभियानों, नीति-निर्माण पर सार्वजनिक चर्चा और स्थानीय समस्याओं के समाधान में भी सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं। जब युवा केवल आलोचक नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होते हैं, तभी राजनीति सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनती है।

अंततः, भारत का भविष्य उसके युवा मतदाताओं के हाथों में है। यदि वे जागरूकता, जिम्मेदारी और विवेक के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, तो राजनीति अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी और जनहितकारी बनेगी। युवा केवल सरकारें नहीं चुनते, वे देश की दिशा और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी तय करते हैं। इसलिए यह कहना बिल्कुल उचित है कि भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी आशा उसके जागरूक युवा मतदाता हैं।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
"जीत समाचार से जुड़ें, सच्ची ख़बरों का हिस्सा बनें!"
(जीत सच्ची ख़बर की)
रिपोर्टर बनें & ख़बरें दें
अगर आपमें सच्ची ख़बरों की समझ है, तो जीत समाचार से जुड़ें। अपनी ख़बरें, लेख या वीडियो हमें भेजें।
हम आपकी आवाज़ को देश-दुनिया तक पहुँचाएँगे।
9803025111, 8878400009
विज्ञापन दें
अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएँ। जीत समाचार के विशाल पाठक वर्ग तक पहुँचें। आज ही अपने विज्ञापन बुक करें।
हमारी वेबसाइट & सोशल मीडिया
www.zeetsamachar.com - ताजा ख़बरों और विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें। सोशल मीडिया पर भी हमें फॉलो करें।
संपर्क करें और विश्वसनीय पत्रकारिता का हिस्सा बनें! 'जीत समाचार' - सिर्फ ख़बरें नहीं, सच्चाई का वादा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

## ‘मेरी दिली तमन्ना है कि एक दिन आप में से कोई इस कुर्सी पर बैठे’ - डीसीपी धारणा यादव



जीत समाचार झज्जर। पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त (झज्जर) धारणा यादव ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जहाजगढ़ की 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को अपने कार्यालय में सम्मानित किया।

सम्मान समारोह के दौरान डीसीपी धारणा यादव ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, ‘मेरी दिली तमन्ना है कि एक दिन आप में से कोई इस कुर्सी पर बैठे।’ उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है और मेहनत, लगन तथा आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने छात्राओं को बड़े सपने देखने, निरंतर मेहनत करने और समाज व देश की सेवा के लिए उच्च प्रशासनिक एवं पुलिस सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डीसीपी ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी ली और उन्हें हर परिस्थिति में आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में एसीपी प्रदीप खत्री, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज भाटिया, शिक्षकगण, सरपंच प्रतिनिधि उदय सिंह तथा विद्यालय के प्रधान श्री कृष्ण कुमार भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना, उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना तथा उन्हें उच्च पदों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, शिक्षा और नवाचार से विकसित भारत 2047 की नींव मजबूत कर रहा हरियाणा: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

जीत समाचार रोहतक। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ‘विकसित भारत 2047’ के संकल्प को साकार करने की दिशा में हरियाणा सरकार शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी दक्षता को नई गति दे रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं, 12वीं तथा ओलंपियाड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार सृजक, नवाचारी और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी ही विकसित हरियाणा और विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और कौशल प्रदान करने के लिए स्टीम लैब, अटल टिंकरिंग लैब, पीएम श्री विद्यालय, मॉडल संस्कृति विद्यालय, मिशन बुनियाद और सुपर-100 जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है। इन पहलों के माध्यम से छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर अवसर मिल रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण, विदेशी भाषा प्रशिक्षण तथा विदेशों में रोजगार के अवसरों से भी जोड़ रही है, ताकि राज्य के युवा वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संवाद किया, उनके साथ सेल्फी भी ली और उनका उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही उन्होंने एमडीयू परिसर में 101 पौधारोपण अभियान का शुभारंभ कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत, अनुशासन और नवाचार की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की सबसे बड़ी आधारशिला है।

## रोहतक में साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन, देशभर के विद्वानों और साहित्यकारों का हुआ सम्मान

जीत समाचार ब्यूरों रोहतक। डी.एल.सी.एस. यूपीवीए विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह में देश के प्रतिष्ठित साहित्यकारों, विद्वानों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम साहित्य, संस्कृति और भारतीय बौद्धिक परंपरा के सम्मान का प्रेरणादायक मंच बना।

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने साहित्य, भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन पर अपने विचार साझा किए तथा समाज में साहित्य की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं और नई पीढ़ी को लेखन, चिंतन तथा भारतीय मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

आयोजन के सफल संचालन के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया तथा सम्मानित सभी साहित्यकारों को उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक सेवाओं के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

साहित्यकार सम्मान समारोह ने साहित्य प्रेमियों, शिक्षाविदों और विद्वानों को एक मंच पर लाकर संवाद, प्रेरणा और सम्मान का उत्कृष्ट वातावरण प्रदान किया।



## केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से की शिष्टाचार भेंट

जीत समाचार हरियाणा/चंडीगढ़। केंद्रीय आयुष तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने लोक भवन में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री के बीच हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आयुष क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आयुष पद्धति के विस्तार, जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।



दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय को और मजबूत बनाने तथा आयुष चिकित्सा प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में सहयोगात्मक प्रयासों पर भी बल दिया।

यह शिष्टाचार भेंट स्वास्थ्य सेवाओं और आयुष क्षेत्र के विकास को लेकर केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है।

## पानीपत के दिव्यांग बच्चे को मिलेंगे अत्याधुनिक बायोनिक कृत्रिम अंग, हरियाणा सरकार ने दी मंजूरी

जीत समाचार ब्यूरों हरियाणा/पानीपत। हरियाणा सरकार ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए पानीपत के एक दिव्यांग बच्चे को लगभग 35 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक बायोनिक कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने को मंजूरी दी है। यह बच्चा करंट लगने की एक दुर्घटना में अपने दोनों हाथ और एक पैर गंवा चुका था।

यह महत्वपूर्ण निर्णय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हरियाणा मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया।

सरकार की इस पहल का उद्देश्य बच्चे को आधुनिक तकनीक से लैस कृत्रिम अंग उपलब्ध कराकर उसे अधिक आत्मनिर्भर बनाना और सामान्य जीवन जीने में सहायता प्रदान करना है। अत्याधुनिक बायोनिक कृत्रिम अंगों की मदद से बच्चे को दैनिक कार्य करने में काफी सुविधा मिलेगी और उसके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।





हरियाणा सरकार का यह निर्णय दिव्यांगजन कल्याण और समावेशी विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार का प्रयास है कि जरूरतमंद नागरिकों को समय पर आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें बेहतर जीवन जीने का अवसर प्रदान किया जाए।

# "सवालों के घेरे में बहाली! जांच खत्म नहीं, फिर भी लुधियाना में वापसी

**SIR या राजनीतिक दबाव? | 4 दिन में पलटा सस्पेंशन का फैसला, जांच जारी फिर भी लुधियाना वापसी!**

**लुधियाना | 24 जुलाई | जीत समाचार ब्यूरो**

लुधियाना नगर निगम की बिल्डिंग ब्रांच में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरे प्रशासनिक सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस बिल्डिंग इंस्पेक्टर को 13 जुलाई 2026 को निलंबित कर मोगा मुख्यालय भेजा गया था, उसे 16 जुलाई 2026 को फिर से नगर निगम लुधियाना में तैनात कर दिया गया।

**सबसे बड़ा सवाल यह है कि**

**जब विभागीय जांच अभी भी लंबित है, तो फिर इतनी जल्दी वापसी कैसे हो गई ?**

**ऑर्डर की कॉपी में क्या है ?**


डायरैक्टेट स्थानीय सरकार, पंजाब के आदेश संख्या S3-DMS-MSS-2026/267 (दिनांक 16.07.2026) में लिखा गया है कि Special Intensive Revision (SIR) के कार्य की महता को देखते हुए संबंधित बिल्डिंग इंस्पेक्टर को पुनः लुधियाना में तैनात किया जाता है। साथ ही यह भी स्पष्ट लिखा गया है कि विभागीय जांच जारी रहेगी।

**यानी एक तरफ जांच जारी है, दूसरी तरफ संबंधित कर्मचारी फिर से अपनी ड्यूटी पर लौट आया।**

**यहीं से उठते हैं बड़े सवाल**

1. यदि आरोप इतने गंभीर थे कि निलंबन आवश्यक माना गया, तो केवल चार दिन बाद परिस्थितियां कैसे बदल गईं?
2. क्या SIR ही इस निर्णय का एकमात्र आधार था, या कोई अन्य प्रशासनिक कारण भी थे?
3. क्या इस फैसले की पूरी जानकारी संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को थी?
4. क्या विभाग इस पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करेगा?

**इन सवालों के जवाब संबंधित विभाग से अपेक्षित हैं।**


ਡਾਇਰੈਕਟੋਰੇਟ ਸਥਾਨਕ ਸਰਕਾਰ, ਪੰਜਾਬ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ
ਪੰਜਾਬ ਮਿਊਂਸਪਲ ਭਵਨ, ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ : 03, ਸੈਕਟਰ-35 ਏ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ
(ਮਿਊਂਸਪਲ ਸਰਵਿਸ ਸੈਲ)
ਈਮੇਲ : dlgmsc123@gmail.com

ਨੰਬਰ : S3-DMS-MSS-2026/267 ਮਿਤੀ : 16-07-2026

ਹੁਕਮ

1. [illegible] ਬਿਲਡਿੰਗ ਇੰਸਪੈਕਟਰ (ਤਕਨੀਕੀ), ਨਗਰ ਨਿਗਮ [illegible] 2026 [illegible] ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ।

2. [illegible] 60 ਲੁਧਿਆਣਾ ਪੂਰਬੀ-ਕਮ-ਸੰਯੁਕਤ ਕਮਿਸ਼ਨਰ [illegible] Revision (SIR) [illegible] ਗਿਆ ਸੀ।

3. Special Intensive [illegible] Revision [illegible] 2026 [illegible] ਹੈ।

ਮਿਤੀ : 16.07.2026
ਸਥਾਨ : ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ

[illegible]ਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਬਰਾੜ, ਆਈ.ਏ.ਐਸ.
ਡਾਇਰੈਕਟਰ [illegible] ਸਰਕਾਰ, ਪੰਜਾਬ।

ਪਿੱਠ ਅੰਕਣ ਨੰਬਰ: ਸ3-ਡਸਮ-ਮਸਮ-2026/5959-60 ਮਿਤੀ: [illegible]

ਉਪਰੋਕਤ ਦਾ ਇੱਕ ਉਤਾਰਾ ਹੇਠ ਲਿਖਿਆਂ ਨੂੰ ਸੂਚਨਾ / ਲੋੜੀਂਦੀ [illegible] ਹਿੱਤ ਭੇਜਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ:-

1) ਕਮਿਸ਼ਨਰ, ਨਗਰ ਨਿਗਮ, ਲੁਧਿਆਣਾ, ਮੋਗਾ;
2) ਸਬੰਧਤ ਕਰਮਚਾਰੀ।

ਸੁਪਰਡੰਟ ਗ੍ਰੇਡ-1


**सूत्रों का दावा**

सूत्रों का दावा है कि इस पूरे घटनाक्रम ने नगर निगम के भीतर भी चर्चा छेड़ दी है। यह भी दावा किया जा रहा है कि बहाली संबंधी निर्णय की जानकारी सभी स्तरों तक नहीं पहुंची थी। जीत समाचार इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं करता और संबंधित अधिकारियों का पक्ष भी आमंत्रित करता है।

**जीत समाचार का सवाल**

यदि एक कर्मचारी का निलंबन, मुख्यालय परिवर्तन और फिर कुछ ही दिनों में उसी स्थान पर पुनः तैनाती हो जाती है, जबकि जांच जारी रहती है, तो पारदर्शिता और प्रशासनिक प्रक्रिया पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

क्या इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी? क्या जनता को बताया जाएगा कि चार दिन में ऐसा क्या बदला कि आदेश बदल गया? इन सवालों के जवाब का इंतजार सिर्फ जीत समाचार नहीं, बल्कि पूरे शहर को है।

## पंजाब में बेहतर ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के लिए 45 हजार किमी सड़कों पर काम तेज: हरभजन सिंह ईटीओ



जीत समाचार अमृतसर। पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य में बेहतर, सुरक्षित और आसान ट्रांसपोर्ट नेटवर्क उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

जंडियाला गुरु विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर राजपूतां, लालका नगर, महोका और किला जीवन सिंह गांवों में आयोजित जनसभाओं के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब 45 हजार किलोमीटर सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है।

उन्होंने बताया कि मानसून को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों की लगातार निगरानी और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की रोजाना समीक्षा की जा रही है ताकि कोई भी परियोजना तय समय से पीछे न रहे।

कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान पंजाब सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी और लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि आम लोगों का विश्वास और सहयोग ही सरकार की सबसे बड़ी ताकत है।

## मंत्री मोहिंदर भगत ने छात्राओं को बांटे स्कूल बैग, स्कूल विकास के लिए 30 लाख रुपये की घोषणा



जीत समाचार जालंधर। पंजाब सरकार की विद्यार्थियों को स्कूल बैग उपलब्ध करवाने की मुहिम के तहत बागवानी, स्वतंत्रता सेनानी एवं रक्षा सेवा कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल आबादपुरा में 11वीं और 12वीं कक्षा की छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने स्कूल के विकास कार्यों के लिए 30 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार शिक्षा क्षेत्र में बड़े सुधार कर रही है।

मोहिंदर भगत ने कहा कि सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने से शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि स्कूल बैग वितरण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करना और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम करना है।

उन्होंने छात्राओं को मेहनत और लगन के साथ शिक्षा हासिल कर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।

## 'ड्रग्स के खिलाफ जंग' रैली में युवाओं ने लिया नशे के विरुद्ध एकजुट होने का संकल्प



जीत समाचार लुधियाना। नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से लुधियाना के डठक महल में 'ड्रग्स के खिलाफ जंग' रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व पंजाब राज्य एवं चंडीगढ़ ह्यूमन राइट्स कमीशन के सदस्य पद्म श्री जतिंदर सिंह शांति और चीफ जस्टिस गुरबीर सिंह ने किया।

'लाइफ केयर फाउंडेशन' के सहयोग से आयोजित इस रैली में सैकड़ों युवाओं ने हिस्सा लिया और नारों के माध्यम से लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। युवाओं ने "ड्रग्स को ना कहो, जिंदगी को हां कहो", "युवाओं को बचाओ, पंजाब को बचाओ" जैसे नारों के साथ नशामुक्त समाज बनाने का संदेश दिया।

पद्म श्री जतिंदर सिंह शांति ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ जंग जीतने के लिए आम लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है और इससे बचाव के लिए युवाओं को जागरूक करना समय की जरूरत है।

इस अवसर पर युवाओं को प्रेरित करने वाली फिल्म 'दस्तार' भी दिखाई गई। फिल्म में सिख पगड़ी की पहचान, इसके सम्मान और विदेशों में इसे बनाए रखने के लिए किए गए प्रयासों को दर्शाया गया।

जतिंदर सिंह शांति ने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और पंजाब में ही अपने भविष्य के बेहतर अवसर तलाशें। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार युवाओं के लिए रोजगार के कई अवसर उपलब्ध करवा रही है।

कार्यक्रम में लाइफ केयर फाउंडेशन के डायरेक्टर अवतार सिंह बेनीपाल, जनरल मैनेजर हरदीप सिंह सहित संस्था के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों को भी सम्मानित किया गया।

## चंडीगढ़-शिमला एनएच-5 पर बड़ा हादसा टला, नाले में गिरी पिकअप, चालक सुरक्षित



जीत समाचार ब्यूरों सोलन। चंडीगढ़-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को ब्रूरी के पास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे नाले में जा गिरा। राहत की बात यह रही कि हादसे में चालक बाल-बाल बच गया और उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप शिमला की ओर जा रही थी। ब्रूरी के समीप चालक अचानक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते पिकअप सड़क से नीचे नाले में जा गिरी।

हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची तथा क्रेन की सहायता से वाहन को नाले से बाहर निकाला गया।

हादसे के कारण कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार या तकनीकी खराबी को हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है।

बरसात के मौसम को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने वाहन चालकों से पहाड़ी मार्गों पर सावधानीपूर्वक एवं नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की है।

## नशा मुक्त बिलासपुर के लिए जिला प्रशासन सख्त, उपायुक्त राहुल कुमार ने दिए व्यापक जागरूकता अभियान के निर्देश



जीत समाचार ब्यूरों बिलासपुर। उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, नशे के दुरुपयोग की रोकथाम, उपचार एवं पुनर्वास, जन-जागरूकता तथा विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही कार्रवाइयों की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ नशा तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थानों और समुदाय स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ गंभीरता से कार्य कर रही है और जिला प्रशासन भी पुलिस एवं अन्य विभागों के सहयोग से नशा तस्करी और अवैध कारोबार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रहा है। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए बहुआयामी रणनीति के तहत प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

बैठक में स्वारघाट में स्थापित किए जा रहे नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को केंद्र को शीघ्र क्रियाशील बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा एनडीपीएस अधिनियम से जुड़े मामलों में संलिप्त पाए गए 9 सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध की गई विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने ऐसे मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राहुल कुमार ने स्कूल एडहृशन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों और युवाओं के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र और करियर काउंसलिंग आयोजित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि जिले में पंचायत स्तर पर 27 नशा निवारण समितियों का गठन किया गया है, जिनकी नियमित बैठकें आयोजित कर नशा उन्मूलन के प्रयासों को और प्रभावी बनाया जाएगा।

उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किए गए विभागीय प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि जिले में इस अभियान से एक लाख से अधिक बच्चों, युवाओं और अन्य नागरिकों को जोड़ा जा चुका है।

बैठक में उपायुक्त ने ओरल निकोटिन पाउच की अवैध बिक्री पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिना वैध अनुमति या लाइसेंस के निकोटिन युक्त उत्पादों का निर्माण, भंडारण, बिक्री, वितरण, ऑनलाइन प्रचार या आपूर्ति कानूनन अपराध है। उन्होंने सभी निर्माताओं, वितरकों, विक्रेताओं, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, क्विक डिलीवरी सेवाओं और कुरियर एजेंसियों को ऐसे उत्पादों की बिक्री और वितरण तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए तथा नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक धीमान, एसडीएम राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी विभागों से निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार समन्वित एवं परिणामोन्मुखी कार्रवाई करते हुए नशामुक्त बिलासपुर के लक्ष्य को साकार करने का आह्वान किया।

# आपात परिस्थितियों और अन्य अभियानों में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं आपदा मित्र -गंधर्वा राठौड़

## दियोटसिद्ध के चौत्र मास मेलों के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले आपदा मित्रों को दिए सर्टिफिकेट




जीत समाचार ब्यूरों हमीरपुर। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने कहा है कि जिला में आपदा मित्रों के रूप में प्रशिक्षित किए गए युवा आपात परिस्थितियों के अलावा यातायात प्रबंधन, नशा निवारण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण और कई अन्य अभियानों में भी बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं।

दियोटसिद्ध के चौत्र मास मेलों के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष रूप से तैनात किए गए आपदा मित्रों के लिए वीरवार को यहां हमीर भवन में आयोजित प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि आपदा मित्रों को इन सभी अभियानों में भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आपदा मित्र योजना का मुख्य उद्देश्य समाज में ऐसे प्रशिक्षित वहलंटियर्स तैयार करना है जोकि अपने-अपने क्षेत्रों में किसी भी तरह की आपात परिस्थिति में रेस्क्यू टीमों के पहुंचने से पहले बचाव एवं राहत कार्य आरंभ कर सकें। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी तरह की आपदा के समय बचाव दलों के पहुंचने से पहले स्थानीय लोग ही सबसे पहले मौके पर पहुंचते हैं। इसके मद्देनजर ही जिले भर में युवाओं को आपदा मित्रों के रूप में प्रशिक्षित किया गया है।

दियोटसिद्ध के चौत्र मास मेलों के दौरान आपदा मित्रों की भूमिका की सराहना करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में नशा मुक्त अभियान, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण अभियान और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी आपदा मित्रों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी

इस अवसर पर डीडीएमए की प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण प्रभारी समीक्षा शर्मा, जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रभारी भानु शर्मा, स्वयंसेवी संस्था एड्केयर के अधिकारी गुरजीत सिंह भुल्लर और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।


|| धर्मो रक्षति रक्षितः ||
ॐ
श्री हिन्दू तख्त
सनातन धर्म सेवा संगठन
"धर्म की जड़ें जितनी गहरी होती हैं, उतना ही अडिग होता है हमारा अस्तित्व।"
ॐ
श्री हिन्दू तख्त
क्रांतिकारी तपस्वी
स्वामी धनंजय गिरी जी महाराज
राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हिन्दू तख्त एवं पीठाधीश्वर
सनातन न्याय पीठ
श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा
आप भी हमारे संस्थान से जुड़े
संपर्क 9878910253 / 7889524055
धर्म की रक्षा हमारा संकल्प
संस्कृति का उत्थान हमारा उद्देश्य
समाज सेवा हमारी पहचान
एकता, आस्था, सेवा, संस्कार हमारी पहचान

# बादशाह और ईशा रिखी के रिश्ते में आई दरार? क्रिप्टिक पोस्ट से बढ़ीं अटकलें



मशहूर रैपर और सिंगर बादशाह (आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया) और पंजाबी अभिनेत्री ईशा रिखी एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों की शादी को अभी कुछ ही महीने हुए हैं, लेकिन ईशा रिखी की एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उनके रिश्ते में अनबन की अटकलें तेज हो गई हैं। ईशा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी के अनदेखे पलों का एक भावुक वीडियो साझा किया, जिसमें दोनों शादी की रस्में निभाते और खुश नजर आ रहे हैं। हालांकि वीडियो के अंत में ईशा भावुक दिखाई देती हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'हर तूफान एक सीख है। हर प्रार्थना एक उम्मीद है।' साथ ही उन्होंने टूटे हुए दिल का इमोजी भी शेयर किया।

इस पोस्ट के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस तरह-तरह के कयास लगाने लगे। कई यूजर्स ने दोनों के रिश्ते में दरार और तलाक की अफवाहों पर सवाल उठाए, जबकि कुछ लोगों ने इसे सिर्फ एक भावनात्मक पोस्ट बताया। फिलहाल बादशाह और ईशा रिखी की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# नीट प्रदर्शन का समर्थन करने पर ट्रोल हुए सलमान खान, पुराना वीडियो वायरल होने से छिड़ी बहस



नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में छात्रों के प्रदर्शन के बीच बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का एक सोशल मीडिया पोस्ट चर्चा का विषय बन गया है। छात्रों के समर्थन में उनकी प्रतिक्रिया सामने आने के बाद उनका एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लेकर इंटरनेट पर नई बहस छिड़ गई है।

**छात्रों के समर्थन में आए सलमान :** हाल ही में सलमान खान ने सोशल मीडिया पर अपने बचपन की एक तस्वीर साझा करते हुए नीट पेपर लीक मामले को गंभीर बताते हुए प्रदर्शन कर रहे छात्रों का समर्थन किया। उनके इस पोस्ट को कई लोगों ने सराहा, लेकिन इसके कुछ ही समय बाद सोशल मीडिया पर उनका एक पुराना वीडियो वायरल होने लगा।

**'द कपिल शर्मा शो' का पुराना वीडियो चर्चा में :** वायरल वीडियो 'द कपिल शर्मा शो' का बताया जा रहा है, जिसमें सलमान खान अपने पिता सलीम खान और भाइयों अरबाज खान व सोहेल खान के साथ दिखाई देते हैं।

शो के दौरान सलीम खान ने हंसी-मजाक में एक पुराना किस्सा सुनाया था। उन्होंने बताया था कि उनके घर गणेश नाम का एक व्यक्ति आता था, जिसे परिवार के बच्चे काफी सम्मान देते थे। बाद में उन्हें पता चला कि वह स्कूल परीक्षा के कथित रूप से लीक हुए प्रश्नपत्र बच्चों तक पहुंचाता था। बातचीत के दौरान सलमान ने भी मजाकिया अंदाज में स्वीकार किया था कि उन्होंने उन पेपर्स की मदद से कुछ स्कूल परीक्षाएं पास की थीं।

**सोशल मीडिया पर बंटी राय :** वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।

एक पक्ष का कहना है कि यह कई साल पुराना मनोरंजन कार्यक्रम का हल्का-फुल्का किस्सा था और इसकी तुलना नीट जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षा से करना उचित नहीं है। दूसरा पक्ष सलमान खान की आलोचना कर रहा है और उनका कहना है कि यदि किसी ने पहले परीक्षा में अनुचित तरीके का इस्तेमाल स्वीकार किया है, तो उसे आज इस मुद्दे पर नैतिक टिप्पणी करने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए।

विवाद जारी

फिलहाल इस वायरल वीडियो और सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाओं को लेकर सलमान खान की ओर से कोई नई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, नीट पेपर लीक को लेकर देशभर में छात्रों का विरोध प्रदर्शन और इस मुद्दे पर राजनीतिक व सामाजिक बहस लगातार जारी है।

# 'जन नायकन' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर मचाई धूम, 41 करोड़ की दमदार ओपनिंग



तमिल सुपरस्टार थलपति विजय की बहुप्रतीक्षित और कथित तौर पर आखिरी फिल्म 'जन नायकन' आखिरकार सात महीने की देरी के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। राजनीति में सक्रिय होने के बाद विजय की यह आखिरी फिल्म मानी जा रही है, जिसके चलते फैंस के बीच इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

**पहले दिन 41 करोड़ रुपये की कमाई :** बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, 'जन नायकन' ने रिलीज के पहले दिन भारत में लगभग 41 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। यह ओपनिंग किसी भी फिल्म के लिए शानदार मानी जा रही है, लेकिन विजय की पिछली कुछ फिल्मों के मुकाबले यह थोड़ा कम रही।

**'लियो' का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाई :** विजय की 2023 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म लियो ने पहले दिन 64.80 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया था। वहीं 'बीस्ट' ने 49. 30 करोड़ रुपये और 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम्' ने 44 करोड़ रुपये की ओपनिंग दर्ज की थी। ऐसे में 'जन नायकन' विजय के करियर की सबसे बड़ी ओपनर बनने से चूक गई।

**भारी बजट, बड़ी चुनौती :** फिल्म के निर्माताओं ने अभी तक आधिकारिक बजट का खुलासा नहीं किया है, लेकिन इंडस्ट्री रिपोर्ट्स के अनुसार 'जन नायकन' का बजट 300 से 500 करोड़ रुपये के बीच बताया जा रहा है। यदि न्यूनतम 300 करोड़ रुपये का अनुमान भी सही माना जाए, तो फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए आने वाले दिनों में लगातार मजबूत कमाई करनी होगी।

**वीकेंड पर टिकी निगाहें :** पहले दिन की अच्छी शुरुआत के बाद अब फिल्म की असली परीक्षा शनिवार और रविवार के कलेक्शन में होगी। यदि फिल्म वीकेंड पर बड़ी छलांग लगाती है, तो यह अपने भारी-भरकम बजट की भरपाई की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा सकती है।

**फैंस में जबरदस्त उत्साह :** थलपति विजय की लोकप्रियता और उनकी कथित आखिरी फिल्म होने के कारण सिनेमाघरों में फैंस का उत्साह देखने लायक रहा। कई जगहों पर विशेष शो आयोजित किए गए और दर्शकों ने आतिशबाजी व जश्न के साथ अपने पसंदीदा स्टार का स्वागत किया।

अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि 'जन नायकन' वीकेंड में कितना बड़ा कलेक्शन करती है और क्या यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हो पाएगी।

# म्यूजिक इंडस्ट्री को बड़ा झटका, दिग्गज गायिका मैरी लिंडा का 91 वर्ष की उम्र में निधन



**एथेंस।** ग्रीक संगीत जगत की दिग्गज और लोकप्रिय गायिका मैरी लिंडा का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 22 जुलाई को एथेंस स्थित एक वृद्धाश्रम में अंतिम सांस ली। उनके निधन से ग्रीस ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संगीत जगत में भी शोक की लहर दौड़ गई है।

**बचपन से ही संगीत और नृत्य में थीं प्रतिभाशाली :** साल 1935 में जन्मी मैरी लिंडा ने बेहद कम उम्र में ही संगीत और नृत्य की दुनिया में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक डांसर और गायिका के रूप में की और बाद में थिएटर तथा संगीत मंचों के जरिए ग्रीक पॉपुलर संगीत की सबसे चर्चित आवाजों में शामिल हो गईं।

**मानोलिस हियोटिस के साथ बनाई यादगार जोड़ी :** मैरी लिंडा के करियर का सबसे अहम मोड़ तब आया जब उनकी मुलाकात प्रसिद्ध संगीतकार मानोलिस हियोटिस से हुई। दोनों ने 1959 में विवाह किया और साथ मिलकर कई सुपरहिट गीत और लोकप्रिय फिल्में दीं। उनकी जोड़ी ने ग्रीक संगीत को आधुनिक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**व्हाइट हाउस में भी किया था प्रदर्शन :** मैरी लिंडा की लोकप्रियता केवल ग्रीस तक सीमित नहीं रही। 1964 में अमेरिका दौरे के दौरान उन्हें तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति लिंडन बी. जॉनसन के सम्मान में व्हाइट हाउस में प्रस्तुति देने का गौरव प्राप्त हुआ। उनकी मधुर आवाज और मंचीय प्रस्तुति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्हें विशेष पहचान दिलाई।

**संगीत जगत में अमिट विरासत :** अपने लंबे और सफल करियर में मैरी लिंडा ने कई प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ काम किया और दुनिया के विभिन्न देशों में लाइव कॉन्सर्ट किए। उनकी गायकी ने ग्रीक संगीत के 'गोल्डन एरा' को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों को प्रेरित किया।

मैरी लिंडा के निधन से संगीत जगत ने एक ऐसी महान कलाकार को खो दिया है, जिनकी आवाज और योगदान हमेशा याद किए जाएंगे। उनके गीत और संगीत आने वाले वर्षों तक श्रोताओं के दिलों में जीवित रहेंगे।